**प्रेस नोट**

**जनपद-झाँसी**

**दिनाँक- 29.08.2025**

**CEIR PORTAL/सर्वेलंस टीम द्वारा गुमशुदा/खोए हुए 206 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रूपये) बरामद।**

**विभिन्न आवेदकों द्वारा अपने मोबाइल खोने एवं गुम होने के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर सर्वेलंस सेल द्वारा CEIR PORTAL एवं अन्य तकनीकों का प्रयोग करते हुए कुल 206 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी बाजार में कीमत करीब 50 लाख रूपये है।**

**आज दिनाँक 29-08-2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा पुलिस कार्यालय जनपद झाँसी में गुमशुदा/खोए हुए 206 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को वितरण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है तथा बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।**

**उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल फोन के स्वामियों द्वारा पूर्व में मोबाइल फोन गुम होने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए थे। उक्त प्रकरणों के क्रम में एसएसपी झाँसी द्वारा सर्वेलंस टीम को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सर्वेलंस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए कुल 206 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिन्हें आज दिनांक 29.08.2025 को उनके वास्तविक स्वामियों को नियमानुसार प्रदान किया जा रहा है।**

**बरामदगी का विवरण:-**

**206 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रूपये)**